राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर

19 April 2021

आवश्यक सूचना : ऑनलाइन परीक्षा

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक ने 20 अप्रैल से आयोजित की जाने वाली स्नातकोत्तर कक्षाओं के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अब ये 01 मई 2021 से ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा मार्च 2021 में आयोजित विभिन्न कक्षाओं की ऑफलाइन परीक्षा किसी कारणवश नहीं दे पाने वाले विद्यार्थियों की ऑनलाइन परीक्षाएं भी 01 मई 2021 से ही प्रारंभ होंगी।

अतः जिन रेगुलर, री अपीयर, इंप्रूवमेंट के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय, झज्जर में आया हुआ है, वे निर्धारित फार्मेट में अपना डाटा **25 अप्रैल 2021 तक gcjhajjar@highereduhry.com पर भेज दें या गूगल शीट लिंक https://forms.gle/XKZSYmBLp7s9TLzd6 पर मांगी गई सारी जानकारी भर दें**। जानकारी उपलब्ध करवाने की जिम्मेवारी विद्यार्थी की होगी। डाटा भेजने के लिए फार्मेट और परीक्षा की गाइडलाइंस तथा एसओपी से संबंधित विस्तृत जानकारी संलग्न है। प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी, जिनकी गाइडलाइंस विश्वविद्यालय बाद में जारी करेगा।

क्या डाटा भेजना है विद्यार्थियों को

ऑनलाइन परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित फॉर्मेट में अपना परीक्षा केंद्र का नाम और कोड नंबर, कोर्स का नाम, सेमेस्टर, यूनिवर्सिटी रोल नंबर, विषयों के नाम, पेपर के आईडी नंबर, ई मेल आईडी, मोबाइल नंबर की जानकारी और एडमिट कार्ड की कॉपी उस कॉलेज में भेजनी होगी, जहां उनका परीक्षा केंद्र आया है। विद्यार्थी निर्धारित तिथि से पहले अपना सही और पूरा डाटा कॉलेज को उपलब्ध करवाएं ताकि परीक्षा के दौरान कोई असुविधा ना हो।

तीन घंटे के होंगे पेपर

थ्योरी के सभी पेपर निर्धारित अंक योजना के अनुसार तीन घंटे के होंगे। जिन प्रश्न पत्रों में प्रश्नों के अंक समान होंगे, उनमें विद्यार्थियों को पूरे प्रश्न पत्र में से कोई पांच प्रश्न हल करने की छूट दी गई है। जिन विषयों में प्रश्नों के अंक अलग-अलग होंगें, उनमें विद्यार्थियों को अपनी इच्छानुसार कोई भी वे प्रश्न हल करने की छूट होगी, जिनका कुल योग अधिकतम अंक के समान होगा।

परीक्षा से पहले की तैयारी

विद्यार्थियों के पास मोबाइल में पर्याप्त डाटा पैक या इंटरनेट कनेक्शन होना चाहिए। उनके स्मार्टफोन, पीसी या लैपटॉप में वीडियो कैमरा और माइक्रोफोन हो तथा कम से कम 3जी स्पीड का इंटरनेट कनेक्शन हो। वे अपने

फोन या कंप्यूटर में एडोब स्कैन या माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस लेंस इंस्टाल कर लें और पेपर देने से पहले ही उत्तर पुस्तिका को स्कैन करना और ज्यादा पेज की एक सिंगल पीडीएफ फाइल बनाना सीख लें जिसकी क्वालिटी अच्छी हो। लाइन लगी हुई ए -4 साइज की शीटों की व्यवस्था कर लें लेकिन सिंगल साइड की 36 या डबल साइड की 18 शीट से ज्यादा उपयोग नहीं की जा सकती। पहले पेज पर अपना यूनिवर्सिटी रोल नंबर अंकों और शब्दों में लिखें और क्लास, सेमेस्टर, पेपर का नाम, पेपर कोड, उत्तर पुस्तिका के कुल पेजों की संख्या, परीक्षा की तिथि और सत्र लिखकर अपने हस्ताक्षर करें। इसके अलावा उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पेज के सबसे ऊपर मध्य भाग में अपना रोल नंबर, पेज नंबर, तिथि लिखेंगे और हस्ताक्षर करेंगे।

परीक्षा के दौरान सावधानियां

विद्यार्थी पेपर से 15 मिनट पहले वीडियो मीट ज्वाइन करेंगे जिसका लिंक उनकी ई मेल आईडी पर भेजा जाएगा। वे अपना एडमिट कार्ड और फोटो आईडी प्रूफ कैमरा के सामने दिखाएंगे और अपना रोल नंबर बताएंगे। पेपर के दौरान वे कभी भी अपना कैमरा और माइक्रोफोन ऑफ नहीं करेंगे। जो विद्यार्थी स्क्रीन पर नजर नहीं आएंगे, उनका पेपर रद्द कर दिया जाएगा। यदि परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत होने पर किसी विद्यार्थी को पांच बार से ज्यादा वार्निंग मिलती है तो उसका यूएमसी बन जाएगा।

पेपर हल करने के बाद

पेपर हल करने के बाद विद्यार्थी एडोब स्कैनर या माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस लेंस से अपनी उत्तर पुस्तिका को अच्छी तरह स्कैन करेंगे। सभी पेजों की सिंगल पीडीएफ फाइल बनाएंगे। फाइल पढ़ने लायक होनी चाहिए वरना रद्द कर दी जाएगी। फाइल का साइज 22 एमबी से ज्यादा ना हो और उसे परीक्षा की तिथि, रोल नंबर, परीक्षा सत्र के नाम से सेव करके परीक्षा खत्म होने के तुरंत बाद उसी ई मेल आईडी पर भेजेंगे, जिस मेल आईडी से उनको प्रश्न पत्र प्राप्त हुआ था।

नोडल अधिकारी

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर